◇ Sujas Quiz (स्रोत : राजस्थान सुजस) :- Date 20 March 2026 ◇

प्रश्न : 1 - राजस्थान के विद्युत निगमों की पावरलिफ्टिंग टीम ने 47वीं अखिल भारतीय विद्युत पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में कुल कितने पदक जीतकर टीम चैंपियनशिप जीती है ?
विकल्प :
(A) 4 पदक
(B) 5 पदक
(C) 6 पदक
(D) 8 पदक

Answer :- (C) 6 पदक।
47वीं अखिल भारतीय विद्युत पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन **राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम** द्वारा **कोटा थर्मल** के सामुदायिक भवन में किया गया।
◆ इस प्रतियोगिता का आयोजन 13 - 15 मार्च 2026 को किया गया।

प्रश्न : 2 - मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम - वार्ड अभियान' का विधिवत शुभारंभ किस अवसर पर किया गया ?
विकल्प :
(A) गणगौर दिवस
(B) विश्व पर्यावरण दिवस
(C) हरियाली तीज
(D) राजस्थान दिवस

Answer :- (D) राजस्थान दिवस।
◆ मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान दिवस के अवसर पर **'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम - वार्ड अभियान'** का शुभारम्भ किया गया। इसका आयोजन 19 मार्च से 15 मई 2026 तक किया जायेगा।
◆ इसके तहत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और

शहरी वार्डो के लिए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार किया जायेगा।
◆ अभियान का क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में स्वायत्त शासन विभाग द्वारा किया जायेगा।

प्रश्न : 3 - राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कुल कितनी नई बसों को हरी झंडी दिखाई ?
विकल्प :
(A) 150 बसें

(B) 207 बसें
(C) 255 बसें
(D) 300 बसें

Answer :- (B) 207 बसें

प्रश्न : 4 - राज्य में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय ने हाल ही में किसमें 'वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स' में नाम दर्ज कराया है ?
विकल्प :
(A) सर्वाधिक खाद्य नमूनों की जाँच में।
(B) फ़ूड हैंडलर्स को प्रशिक्षण देने में।
(C) मिलावटखोरों पर सर्वाधिक जुर्माने में।
(D) नए फ़ूड लाइसेंस जारी करने में।

Answer :- (B) फ़ूड हैंडलर्स को प्रशिक्षण देने में।

प्रश्न : 5 - राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर द्वारा 'राजपूताना की रियासतों के ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक महत्व के बहुमूल्य अभिलेख' विषय पर विशेष प्रदर्शनी कहाँ आयोजित की गई? ?
विकल्प :
(A) जवाहर कला केंद्र, जयपुर
(B) अल्बर्ट हॉल संग्रहालय, जयपुर
(C) सिटी पैलेस, उदयपुर
(D) मेहरानगढ़ किला, जोधपुर

Answer :- (A) जवाहर कला केंद्र, जयपुर।

RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS
www.rajasthancurrentaffairs.in